प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–18.08.2023 (सं0–378)

अररिया जिला के रानीगंज थानान्तर्गत घटित घटना का अद्यतन

- अररिया जिला के रानीगंज थानान्तर्गत दिनांक 18.08.2023 को करीब 05:30 बजे प्रातः थाना से करीब 04 कि0मी0 उत्तर ग्राम–प्रेमनगर में विमल यादव (35 वर्ष), सा0–प्रेमनगर को अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा उनके दरवाजे पर जाकर आवाज देकर बुलाया गया और गोली मार दी गई, जिससे विमल यादव की मृत्यु हो गई। मृतक स्थानीय पत्रकार हैं।
- सूचना पर थानाध्यक्ष द्वारा करीब 05:35 बजे घटनास्थल पर पहुँचकर मामले की जाँच की गयी, पुलिस अधीक्षक, अररिया भी घटनास्थल पर कैम्प कर मामले की छानबीन कर रहे हैं।
- घटनास्थल पर पुलिस अधीक्षक, अररिया के द्वारा पहुँचकर घटना में संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी तथा काण्ड के उदभेदन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं।
- शव को अन्त्यपरीक्षण हो चुका है।
- घटनास्थल पर एफ0एस0एल0 की टीम तथा डॉग स्क्वायड के द्वारा पहुँच कर आवश्यक कार्रवाई की गयी है।
- मृतक के परिजनों के द्वारा बताया गया कि वर्ष 2019 में मृतक विमल यादव के छोटे भाई गब्बू यादव की भी हत्या कर दी गयी थी, जिसके सम्बन्ध में अंकित काण्ड में साक्षियों की गवाही चल रही थी। इस काण्ड में मृतक विमल यादव भी गवाह थें, जिनकी गवाही होनी शेष थी। परिजनों के द्वारा प्रथमदृष्टया पुरानी रंजिश के कारण अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा इस घटना को कारित किये जाने की आशंका व्यक्त की गयी है।
- अग्रतर अनुसंधान एवं कार्रवाई की जा रही है। अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा रही है।

XXXXXX